Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 7:08 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 5:29 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ




हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 39 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 25 जुलाई 2025

काजोल की अदाकारी ने जीता...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### नंधौर लाखनमंडी क्षेत्र को ईको विलेज में विकसित करेंगे




**हल्द्वानी।** ईको पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए वन प्रभाग हल्द्वानी ने नंधौर रेंज के लाखनमंडी क्षेत्र को ईको विलेज के रूप में विकसित करने की योजना बनाई है। यहां स्थित विशाल आम के बगीचे को पर्यटन के लिहाज से आकर्षक बनाया जाएगा। इस परियोजना के लिए विभाग ने शासन को पांच करोड़ रुपये की लागत का प्रस्ताव भेजा है। प्रभागीय वनाधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद क्षेत्र को पर्यटकों के लिए एक नए ईको पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। योजना के तहत ईको विलेज में रिसेप्शन, ईको हट्स, कॉटेज, कैफेटेरिया, किचन, शौचालय, पेयजल की उचित व्यवस्था, कूड़ा निस्तारण प्रणाली और प्रवेश द्वार का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही क्षेत्र का व्यापक सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा ताकि पर्यटकपरियोजना का एक मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना भी है। ईको विलेज में युवाओं को नेचर गाइड के रूप में प्रशिक्षित कर काम करने का अवसर मिलेगा। इससे नंधौर और चोरगलिया क्षेत्र के युवाओं को स्वरोजगार की दिशा में नई राह मिलेगी। इस योजना के अमल में आने से नंधौर क्षेत्र का पर्यटन मानचित्र पर उभरना तय है और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। यहां प्राकृतिक सुंदरता का भरपूर आनंद उठा सकें।

# उत्तराखंड में आज भारी बारिश की संभावना, येलो अलर्ट

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

मौसम विभाग ने आज भी उत्तराखंड में कई जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं विभिन्न जिलों की 29 सड़कें भी बंद हैं। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों की 24 सड़कें हैं।

प्रदेश में आज भी (शुक्रवार) तेज बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से रुद्रप्रयाग और बागेश्वर जिले के कुछ इलाकों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा अन्य जिलों में भी तेज दौर की बारिश होने की संभावना है। आने वाले दिनों की बात करें तो 30 जुलाई तक प्रदेश भर में तेज दौर की बारिश होने के आसार हैं। पिथौरागढ़ जिले में मुनस्यारी-मिलम बॉर्डर मार्ग मलबा आने से फिर बंद हो गया। वहीं, विभिन्न जिलों की 29 सड़कें भी बंद हैं। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों की 24 सड़कें हैं। प्रदेश में बारिश के बाद विभिन्न जिलों की सड़कों में जगह-जगह मलबा आ गया है। इससे स्थानीय लोगों के साथ ही यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिथौरागढ़ जिले में मुनस्यारी-मिलम बॉर्डर मार्ग कई दिनों तक बंद रहा। जो खुलने के बाद फिर बंद हो गया। मार्ग में दो स्थानों पर किलोमीटर 21.1 और 26.1 में मलबा आ गया है। इस जिले में इसके अलावा आठ ग्रामीण सड़कें भी बंद हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक बागेश्वर में एक, चमोली में छह, देहरादून में दो, रुद्रप्रयाग और टिहरी में दो-दो सड़कें बंद हैं। जबकि उत्तरकाशी जिले में छह ग्रामीण सहित कुल सात सड़कें बंद हैं।



### बदरीनाथ हाईवे पर सक्रिय हुआ भूस्खलन

बदरीनाथ हाईवे पर भूस्खलन क्षेत्र लामबगड़ में तीन साल बाद फिर से भूस्खलन सक्रिय हो गया है। यहां चट्टान से बोल्डर छिटककर हाईवे पर गिर रहे हैं। हिल साइड निर्मित दीवार भी कई जगहों पर ध्वस्त हो गई है। अब सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने फिर से भूस्खलन क्षेत्र का ट्रीटमेंट शुरू कर दिया है। भूस्खलन वाली चट्टान के शीर्ष भाग पर दो पोकलेन मशीन भेजी गई हैं जो बोल्डर और मलबे को हटाने में जुट गई हैं। लामबगड़ में बार-बार भूस्खलन होने से कई बार बदरीनाथ धाम की तीर्थयात्रा बाधित रही। चीन सीमा क्षेत्र में सेना की आवाजाही भी बाधित हुई।

स्वतंत्रता दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे

# मोदी पहुंचे मालदीव, राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने किया स्वागत

**नई दिल्ली**
एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी दो देशों की यात्रा के अगले चरण में ब्रिटेन से शुक्रवार को मालदीव पहुंचे हैं। दो दिवसीय दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। प्रधानमंत्री मोदी मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मोइजु के आमंत्रण पर मालदीव पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री की यह मालदीव की तीसरी यात्रा है।

पीएम मोदी की यह मालदीव यात्रा, मालदीव में राष्ट्रपति मुइज्जू के सत्ता संभालने के बाद पहली बार किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष का दौरा है। मोहम्मद मुइज्जू सरकार के कार्यकाल में यह यात्रा इसलिए भी अहम है, क्योंकि यह दोनों देशों के संबंधों में आए तनाव के बाद पहली बार हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी की पिछली मालदीव यात्रा जून 2019 में हुई थी। हवाई अड्डे पर मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने पीएम मोदी का स्वागत किया। इस दौरान मालदीव के रक्षा मंत्री , विदेश मंत्री और वित्त मंत्री के साथ ही आंतरिक सुरक्षा मंत्री भी पीएम मोदी की आगवानी के लिए हवाई अड्डे पहुंचे। हवाई अड्डे पर पीएम मोदी का भव्य स्वागत किया गया।



पीएम मोदी के मालदीव दौरे पर माले में भारत के उच्चायुक्त जी. बालासुब्रमण्यन ने कहा कि पीएम मोदी के मालदीव दौरे को लेकर भारतीय समुदाय में काफी उत्साह है। इस दौरे पर दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय वार्ता होगी और विभिन्न मुद्दों पर समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इनमें विभिन्न प्रोजेक्ट के लिए लाइन ऑफ क्रेडिट या मदद दी जाएगी। दूसरे दिन पीएम मोदी मालदीव के राष्ट्रीय दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

पीएम मोदी के दौरे को लेकर मालदीव में रहने वाले भारतीय समुदाय के लोग बेहद उत्साहित हैं। एक भारतीय समुदाय के व्यक्ति ने बताया कि पीएम मोदी आज यहां आ रहे हैं और हम उनका स्वागत करने के लिए उत्साहित हैं। मैं यहां बीते 24 वर्षों से रह रहा हूं। मेरे लिए मालदीव दूसरे घर की तरह है। मालदीव में भारतीय समुदाय के लोग पीएम मोदी के दौरे से उत्साहित हैं।

# रामनगर में नहर बनी जानलेवा युवक की डूबने से हुई मौत

**रामनगर**
हमारे संवाददाता

**सनसनी**
- परिवार में मचा कोहराम, पत्नी पहले ही छोड़ चुकी थी साथ

शहर की शांत दिखने वाली नहर एक बार फिर मौत की वजह बन गई। ब्रस्पतिवार की रात एक दर्दनाक हादसे में 30 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।

नई बस्ती कालुसिद्ध क्षेत्र में रहने वाला शंकर सिंह, जो बिहार मूल का बताया जा रहा है, रात के वक्त अचानक नहर में जा गिरा। बताया जा रहा है कि उसका पैर फिसला और गहराई में गिरने के बाद वह बाहर नहीं निकल पाया। हादसे के बाद स्थानीय लोग दौड़ पड़े और उसे तुरंत सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शंकर की ज़िंदगी पहले से ही संघर्षों से भरी थी। वह दिहाड़ी मजदूरी कर किसी तरह गुजर-बसर कर रहा था। स्थानीय लोगों के अनुसार, शंकर अक्सर नशे की हालत में देखा जाता था और उसकी पत्नी बच्चों को लेकर पहले ही अलग हो चुकी थी। कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल ने जानकारी दी कि परिजनों को सूचित कर दिया गया है और शव को मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया गया है। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम किया गया। शंकर की मौत के बाद नहर किनारे सुरक्षा व्यवस्थाओं पर एक बार फिर सवाल खड़े हो रहे हैं। इलाके में यह कोई पहला मामला नहीं जब किसी की जान पानी की गहराई में समा गई हो।



# मुख्यमंत्री धामी ने स्कूलों का नाम बलिदानियों के नाम पर रखा

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

**अनुमोदन**
- चार विद्यालयों के नाम बदले गए

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्कूलों का नाम बलिदानियों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम पर किए जाने का अनुमोदन किया है।

मुख्यमंत्री के अनुमोदन के बाद अब राजकीय इंटर कालेज चिपलघाट पौड़ी गढ़वाल को बलिदानी श्री भगत सिंह रावत राजकीय इंटर कालेज चिपलघाट पौड़ी गढ़वाल किया जाएगा। वहीं, देहरादून जिले में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैंद्रथ चकराता का नाम पंडित सैराम राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किया गया है। जबकि राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुण्डेरगांव पौड़ी गढ़वाल को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व.कुंवर सिंह रावत राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुण्डेरगांव पौडी गढ़वाल किया गया है। राजकीय इंटर कालेज डीडीहाट पिथौरागढ़ का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व.श्री माधों सिंह जंगपांगी जीआईसी डीडीहाट पिथौरागढ़ किया गया है।

# एसडीओ विद्युत ने तीन लोगों के खिलाफ दर्ज कराई बिजली चोरी का मुकदमा

**रुद्रपुर।** विद्युत विभाग की टीम ने बिजली चोरी की घटनाओं को रोकथाम के लिए एक विशेष अभियान चलाया। टीम ने अभियान के दौरान कई जगहों पर बिजली चोरी पकड़ी। टीम का नेतृत्व कर रहे एसडीओ विद्युत अंशुल मदान की ओर से बिजली चोरी के मामले में तीन लोगों के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसडीओ विद्युत अंशुल मदान की ओर से पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि वह अवर अभियंता पारुल कुमार, लाइन मैन चंचल कुमार और सतर्कता विभाग हल्द्वानी के सहायक अभियंता अमित चंद्र आर्या के साथ शहर में बिजली चोरी का प्रयोग करने वालों के खिलाफ चैकिंग अभियान चलाया।

# वाहन चोर गिरोह सक्रीय, तीन बाइक उड़ाई

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

**वारदात**
- अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू

शहर में एक बार फिर से वाहन चोर गिरोह सक्रिय हो गया है। अलग-अलग स्थानों से बाइक चोरी की घटनाएं सामने आई हैं।

पुलिस ने वाहन स्वामियों की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पहला मामला श्याम टाकीज रोड एक होटल की पार्किंग का है, जहां ट्रांजिट कैंप निवासी रवि कुमार ने अपनी बाईक संख्या यूके 06एडी 2695 को लॉक कर खड़ा किया था। रवि कुमार के अनुसार, एक अज्ञात चोर बिना नंबर प्लेट वाली बाईक से वहां पहुंचा और खाना खाया। इसके बाद वह कई बाईकों की चाबियां ट्राई करने के बाद उसकी बाइक का लॉक खोलकर चोरी कर ले गया। अपनी पुरानी बाईक को मौके पर ही छोड़ गया। होटल परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज में चोर की गतिविधियां कैद हो गई हैं। दूसरी घटना नैनीताल रोड एक मैरिज हॉल के बाहर हुई। रामपुर यूपी निवासी सद्दन शादी समारोह में शामिल होने रुद्रपुर आया था। उसकी स्प्लेंडर प्लस बाईक संख्या यूपी22जेड 7354 को रात करीब 11:50 बजे के आसपास चोरी हो गई। पास के पेट्रोल पंप की सीसीटीवी फुटेज में उसकी बाईक को एक अज्ञात युवक चोरी करते हुए देखा गया है। तीसरी वारदात किच्छा बाईपास रोड स्थित सब्जी मंडी की है। जहां खेड़ा निवासी सुल्तान अहमद की स्प्लेंडर प्लस संख्या यूके06एएक्स 3664 को एक अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। जब वह बाजार से सब्जी लेने गया था। कुछ ही मिनटों के भीतर बाईक गायब हो गई। पुलिस ने तीनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर ली है और घटनास्थलों के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी गई है। फिलहाल चोर गिरोह का पता नहीं चला है।



# पहाड़ से मैदान तक मतदान को दिखा उत्साह





**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण के मतदान में समाज के युवाओं,महिलाओं के साथ ही बुजुर्गों में गजब का उत्साह देखा गया। नगर के समीपवर्ती पंगोट तथा भवाली गांव में बने बूथों के साथ ही अन्य गांवों में मतदान केंद्रों में अधिकांश मतदाताओं का कहना था कि उन्होंने विकास के नाम पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

इस दौरान किसी ने अपने गांव में नेटवर्क की समस्या बयां की तो किसी ने अधूरे मोटर मार्ग के पूरे न होने से हो रही परेशानी को साझां किया। दूसरी ओर सुरक्षा के नजरिए से सभी बूथों में प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी पैनी निगाह रखे हुए थे। इस दौरान पंगोट गांव में भ्रमण के दौरान जब कई मतदाताओं से वार्ता की गयी तो वह गांव की सरकार बनाने के लिए काफी आतुर नजर आए। इस दौरान बातचीत में ललिता बुदलाकोटी ने बताया की गांव में विकास काफी हुआ है, पहले मकान भी कच्चे थे लेकिन अब मकान भी पक्के बन गए हैं, कच्ची सडकों में भी डामरीकरण हो चुका है, पानी और बिजली की भी काफी सुविधा है, उन्होंने बताया कि और विकास होना चाहिए जहां ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर शिक्षा बच्चों को मिल सके, जहां पढने के लिए बच्चों को गांव से दूर शहर में जाना पड़ता है वह सुविधा गांव में मिल जाए और गांव में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर हों। दिनेश बुदलाकोटी ने बताया की रातीघाट से बुधलाकोट तक मोटर मार्ग बन चुका है लेकिन बुदलाकोट से पंगोट तक मोटर मार्ग नहीं बना है अभी तक जो इस ग्राम सभा की सबसे बड़ी समस्या है। बताया कि मोटर मार्केट की सुविधा तो आधी दे दी है लेकिन मोटर मार्ग पूरी तरह नहीं बन पाया जिससे काफी समस्याएं हो रही है।

पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग कर रही वैदेही बिष्ट ने बताया कि गांव में सबसे अधिक समस्या नेटवर्क की रहती है जिससे ऑनलाइन कलास व वर्क फार्म होम कार्य करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, सडक के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि यहां से कोई बेहतर सुविधा मोटर मार्ग की नहीं है, शिक्षा व स्वास्थ्य की कोई बेहतर सुविधा नहीं है।

## मल्ला निगलाट में धीमी गति से मतदान होने पर कांग्रेस प्रभारी ने जताई

**भवाली।** पंचायत चुनाव को लेकर गुरुवार को सुबह से मतदान किया गया। सुबह से लंबी लाइन में लगकर ग्रामीण मतदान करने को खड़े रहे। गाँव की सरकार बनाने के लिए जोश में दिखे। तो वही मल्ला निगलाट बूथ में धीमी गति से मतदान होने पर कांग्रेस प्रभारी भुवन तिवारी ने नाराजगी जताई। कहा कि 12 11 बजे तक सिर्फ 150 लोगो ने ही मतदान किया था। उन्हें 1 घण्टा लाइन में खड़ा होना पड़ा। कहा कि अगर धीमी गति से मतदान हुआ तो कम मतदान होगा।

## NEWS / फटाफट

### बाइक पर ट्रिपलिंग करने पर कार्रवाई, बाइक सीज

**नैनीताल ।** नगर के तल्लीताल में बुलेट बाइक पर ट्रिपलिंग करते युवकों को कमिश्नर दीपक रावत ने देखना भारी पड़ गया। कमिश्नर के निर्देश पर पुलिस ने बाइक सीज कर दी। बता दें कि नैनीताल में पुलिस की ओर से लगातार कार्रवाई के बाद भी युवा वर्ग नियमों को ताक पर रख बेखौफ बाइकों को सडकों पर रौंद रहे हैं। इधर वीरवार को भी एक युवक बुलेट बाइक यूके 0 04 एकयू-2602 पर दो और लोगों को बैठाकर नियमों को ताक पर रख तल्लीताल में हवा बनकर निकला ही था कि कुमाऊं कमीश्नर दीपक रावत की नजर उस पर पड़ गई। कमिश्नर रावत ने यातायात नियमों का उल्लंघन होता देख तल्लीताल पुलिस को सूचित कर कार्रवाई के निर्देश दिए। जिस पर तल्लीताल पुलिस ने बाइक और बाइक चालक को पकड़ लिया। तल्लीताल के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोरा ने बताया कि ललित सिंह के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बाइक को सीज कर दिया है।

### नशे में बिना लाइसेंस कार चलाना पड़ा महंगा

**नैनीताल ।** नगर के तल्लीताल में पर्यटकों को शराब पीकर व बिना लाइसेंस कार चलाना महंगा पड़ गया। पुलिस ने दोनों पर्यटकों की कार सीज कर दी हैं। बता दें कि पंचायत चुनाव के चलते पुलिस तल्लीताल में वाहनों की चैकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने तल्लीताल डांठ पर दो पर्यटकों की कारों को रोका। पहली कार आरजे 29 सीबी-5529 के चालक से पूछताछ के दौरान कार चालक पर्यटक शराब पिया हुआ प्रतीत हुआ। जिसका मेडिकल कराया गया। मेडिकल में चालक के शराब पिए होने की पुष्टी हुई जबकि दूसरी कार यूपी 32 वीएन 8062 से दस्तावेज मांगे तो उसके पास दस्तावेज व ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं मिला। पुलिस ने दोनों वाहनों को कबजे में ले लिया। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि राजस्थान निवासी दया राम के खिलाफ ड्रिंक एंड ड्राइव में कार्रवाई करते हुए व बिना डीएल ड्राइविंग करने पर लखनऊ निवासी विश्वजीत सिंह के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दोनों वाहन सीज कर दिए हैं।

### 384 वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल ।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2025 को लेकर किया जा रहा राज्य में अनूठा पौधरोपण आंदोलन वीरवार को 384 वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोडने के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए-पौधा रोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत वीरवार को उनके नेतृत्व में गुरना देवी मंदिर परिसर में चौथी वाटिका बनाकर उसमें विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। उन्होंने कहा कि उनका पौधारोपण आंदोलन जारी रहेगा। वर्तमान में दिनेश गुरुरानी के द्वारा पिथौरागढ़ से घाट एनएच मार्ग में सडक के किनारे बंजर पड़ी भूमि पर धमौडा हनुमान मंदिर से घाट तक जगह.जगह पर पौधारोपण किया जा रहा है।

### कृष्णापुर वार्ड में वृह्द स्तर पर सफाई अभियान

**नैनीताल ।** नगर पालिका परिषद की ओर से चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के तहत वीरवार को नगर के कृष्णापुर वार्ड में वृहद स्तर पर सफाई अभियान चलाया गया। बता दें अभियान में नेतृत्व पालिकाध्यक्ष डॉ सरस्वती खेतवाल तथा वार्ड के सभासद सुरेंद्र कुमार ने किया। इसके साथ टीम में मुखय सफ ाई निरीक्षक सुनित कुमार,सफ ाई निरीक्षक कमल सिंह चौहान, सुपरवाइजर दिनेश तथा सुनील,उप राजस्व निरीक्षक विनोद तथा पर्यावरण मित्रगण शामिल रहे। अभियान के तहत झाडियों की कटाई एवं समुचित सफ ाई,कूड़ा कचरा संग्रहण एवं निस्तारण के साथ ही ना लियों की सफ ाई व जल निकासी व्यवस्था में सुधार व घरों में स्वच्छता बनाए रखने हेतु नागरिकों को जागरूक किया गया।





## तीज महोत्सव में नविता बनीं तीज क्वीन

**रामनगर**

हमारे संवाददाता

तीज के उल्लास में इस बार इनरव्हील क्लब, रामनगर ने शहर की शाम को कुछ इस अंदाज़ में रंग दिया कि हर आंख खुशी से चमक उठी। शहर के एक भव्य रिर्सोट में आयोजित इस रंगीन तीज महोत्सव में पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने गीत, संगीत, हंसी और ठहाकों से ऐसा समां रचाया कि माहौल पूरी तरह तीजमय हो गया।

कार्यक्रम की शोभा तब और बढ़ गई जब नविता अग्रवाल को 'तीज क्वीन' का ताज पहनाया गया। मंच पर उनकी मुस्कान और आत्मविश्वास ने सभी को मोह लिया। वहीं, मनोरंजक खेलों में शलिनी अग्रवाल ने बाज़ी मारी, तो निकिता अग्रवाल की टीम ने भी तालियां बटोरी और दूसरा पुरस्कार अपने नाम किया। साड़ियों, लहंगों और झुमकों में सजी महिलाओं ने जब रैंप पर कदम बढ़ाए, तो हर एक अंदाज़ में तीज की परंपरा और नारी शक्ति की झलक दिखाई दी। हर गाने की धुन पर थिरकते कदमों ने ये साफ जता दिया कि तीज सिर्फ त्योहार नहीं, महिलाओं की आत्मा से जुड़ा एक जश्न है। कार्यक्रम की अगुवाई कर रहीं क्लब अध्यक्ष कविता अग्रवाल और सचिव अंजलि जिंदल ने कहा कि तीज हमारी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने का माध्यम है। इस आयोजन में सीजीआर पीयूषी अग्रवाल, जेडपीसी गुंजन जिंदल, आईएसओ चारूल जिंदल, संरक्षक मीना मित्तल, एडिटर सुमिति मेहरोत्रा, सीमा लखोटिया, प्रीति बंसल, वंदना, दीप्ती, निशी, वेनू, अनुप्रीत सिंह समेत बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं।

तीज के गीतों की गूंज और रंग-बिरंगे परिधानों की छटा ने यह साबित कर दिया कि जब महिलाएं जश्न मनाती हैं, तो हर रंग और हर सुर एक नई कहानी कहता है परंपरा, शक्ति और सौंदर्य की।

## मौसम बदलाव से बीमार लोगों का बढ़ रहा दबाव, सावधानी बरतने की अपील

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल में कभी धूप तो कभी वर्षा मौसम का यह बदलाव लोगों को बीमार कर रहा है जिससे इन दिनों राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में मरीजों का दबाव भी बढ़ रहा है। अधिकांश मरीज वायरल व सर्दी जुखाम के पहुंच रहे है। ऐसे में चिकित्सक भी विशेष सावधानी बरतने की अपील कर रहे हैं।

बता दे कि बीडी पांडे जिला अस्पताल में रोजाना दो से तीन सौ मरीज उपचार के लिए पहुंचते है। इन दिनों मौसम में बदलाव के चलते मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। वीरवार को अस्पताल में भारी संखया में मरीज उपचार के लिए पहुंचे थे। मरीजों का दबाव बढने से पर्ची कटवाने व चिकित्सक को दिखाने के लिए मरीज लंबी कतार में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। प्रभारी पीएसएस डा.महिमन सिंह दुग्ताल ने बताया कि इन दिनों अधिकांश मरीज वायरल व खांसी जुखाम में आ रहे है।

छोटे बच्चों में वायरल की अधिक समस्या दिख रही है। वर्षा में भीगने से बचाव व खानपान में बदलाव कर बीमारी से बचा जा सकता है। उन्होंने मानसून के दौरान उबला पानी ही पीने की सलाह दी है।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## प्रधानमंत्री प्रोफेसरशिप योजना से विवि को मिलेगी नई दिशा: प्रो.रावत

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता



कुमाऊं विवि के कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत ने कहा कि यह कुमाऊं विश्वविद्यालय ही नहीं बल्कि संपूर्ण देवभूमि उत्तराखंड क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। प्रधानमंत्री प्रोफेसरशिप योजना के अंतर्गत चयन से हमें देश के श्रेष्ठ वैज्ञानिकों और शिक्षाविदों से मार्गदर्शन मिलेगा जिससे हमारी अनुसंधान संस्कृति को नई दिशा मिलेगी। प्रो.रावत के मुताबिक प्रधानमंत्री प्रोफेसरशिप योजना का उद्देश्य द्वितीय व तृतीय स्तर के संस्थानों में अनुसंधान की आधारशिला को सुदृढ़ करना है और कुमाऊं विश्वविद्यालय इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने को तत्पर है। कुलपति प्रो. रावत ने देश के शीर्ष भारतीय शिक्षाविदों से अनुरोध किया है कि वे इस योजना के अंतर्गत कुमाऊं विश्वविद्यालय से साझेदारी करें। इस योजना के तहत चयनित प्रोफेसर को प्रति वर्ष 20 लाख रुपएं तक का शोध अनुदान प्रदान किया जाएगा। उन्हें विश्वविद्यालय में छात्रों एवं शिक्षकों का मार्गदर्शन (मेंटरशिप) करना होगा। विश्वविद्यालय की ओर से इन प्रोफेसरों को सभी आवश्यक सुविधाएं व बुनियादी ढाँचा और अकादमिक सहयोग मुहैया कराया जाएगा। प्रो.रावत के मुताबिक कुमाऊँ विश्वविद्यालय ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि वह भारतीय हिमालयी क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले शोध और अकादमिक उत्कृष्टता का एक अग्रणी केंद्र है।

## कैमिस्ट एसोसिएशन की बैठक आयोजित

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता



उत्तराखंड राज्य सरकार के कुमाऊं संभाग के ड्रग कंट्रोलर हेमंत नेगी एवं जिला नैनीताल की औषधि निरीक्षक मीनाक्षी बिष्ट के निर्देशन में आज हल्द्वानी के एक प्रतिष्ठित होटल में नैनीताल के जिला कैमिस्ट एसोसिएशन की बैठक आहूत की गई, जिसमें नैनीताल जिले की नैनीताल, रामनगर, हल्द्वानी, लालकुआं की यूनिट के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में ड्रग विभाग के कुमायूं संभाग के ड्रग कंट्रोलर हेमंत नेगी के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार अपने प्रतिष्ठानों में फार्मासिस्ट अनिवार्य एवं बायो वेस्ट के विषय में चर्चा की गई। इसके साथ एनआरएक्स दवाइयां, टीवी की दवा एच 1 में आने वाली दवाइयों के रजिस्टर मेंटेन करने हेतु भी चर्चा की गई, बैठक में समस्त पदाधिकारियों के प्रस्ताव एवं निरीक्षण टीम को सहयोग करने हेतु सहमति की गई, और किसी भी मेडिकल स्टोर स्वामी को अनावश्यक रूप से किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े इस पर विस्तार पूर्वक बातचीत की गई।

बैठक में पदाधिकारियों ने अपनी अपनी यूनिट में भी मेडिकल स्वामियों की एक बैठक कर उक्त निर्देशों के बारे में अवगत कराने हेतु भी चर्चा हुई। साथ में महासंघ के उच्च पदाधिकारियों को भी उक्त कार्रवाइयों के बारे में अवगत कराया जाएगा। बैठक में नैनीताल केमिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राजकुमार सेतिया, जिला सचिव गोपाल अधिकारी, जिला कोषाध्यक्ष इकरार हुसैन, रामनगर केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश गर्ग, नैनीताल के अध्यक्ष संतोष तिवारी, हल्द्वानी के महामंत्री श्रीमती भारती राठौर, गिरीश जोशी, अमित मिश्रा, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष एवं लालकुआं केमिस्ट क्लब के महामंत्री आशीष भाटिया, अनिल अरोड़ा, मनोहर लाल आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अभिमत

## वास्तव में मजाक

*निकाय चुनाव के बाद नवनिर्वाचित मेयर ने जनप्रतिनिधियों और उच्चाधिकारियों के साथ बैठक में खुलेआम कहा था कि अधिकारी बिना रिश्वत के कोई काम नहीं कर रहे हैं। अब विधायक ने सार्वजनिक रूप से उच्चाधिकारी से कहा कि उनके कोई काम नहीं हो रहे हैं, अफसर फाइलें दबा कर बैठे हैं। अधिकारी ने जवाब दिया कि काम हो गया है। विधायक ने पूछा कि काम हो गया है तो उसका कागज दें। इसके बाद मीडिया ने विधायक से बात करनी चाही तो उन्होंने बात टालते हुए कहा कि कुछ नहीं मजाक था। सच यही है कि उत्तराखंड के जनमानस के साथ शासन और प्रशासन मजाक कर रहा है।*

उत्तराखंड में हर क्षेत्र में अव्यवस्था का बोलबाला है। यह कहना अनुचित नहीं होगा कि देवभूमि में सब कुछ भगवान भरोसे है। नौकरशाही हावी है। लोकतंत्र की जगह अफसरों की मनमानी तथा तानाशाही चल रही है। हालत इस कदर बेकाबू हो गई है कि जनप्रतिनिधि भी लाचार हैं। निकाय चुनाव के बाद नवनिर्वाचित मेयर ने जनप्रतिनिधियों और उच्चाधिकारियों के साथ बैठक में खुलेआम कहा था कि अधिकारी बिना रिश्वत के कोई काम नहीं कर रहे हैं। अब विधायक ने सार्वजनिक रुप से उच्चाधिकारी से कहा कि उनके कोई काम नहीं हो रहे हैं, अफसर फाइलें दबा कर बैठे हैं। अधिकारी ने जवाब दिया कि काम हो गया है। विधायक ने पूछा कि काम हो गया है तो उसका कागज दें। इसके बाद मीडिया ने विधायक से बात करनी चाही तो उन्होंने बात टालते हुए कहा कि कुछ नहीं मजाक था। सच यही है कि उत्तराखंड के जनमानस के साथ शासन और प्रशासन मजाक कर रहा है। मजाक कहकर विधायक अपनी झेंप मिटा सकते हैं, लेकिन जिन लोगों ने उन्हें वोट देकर चुना है, उनकी जवाबदेही से बच नहीं सकते हैं। वोट देकर जनप्रतिनिधि का चुनाव इसलिए करते हैं कि उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे। अधिकारी और कर्मचारी की शिकायत जनप्रतिनिधि से करेंगे तो उनका काम हो जायेगा। अब जनप्रतिनिधि ही अधिकाकारियों के सामने बौने साबित हो रहे हैं तो निरीह जनमानस की क्या दुर्दशा है, स्वतः अनुमान लगाया जा सकता है। विधायक जब अपने साथ मजाक होते बर्दाश्त कर रहे हैं तो अधिकारी और अधिक मनमानी करेंगे। पर्वतीय क्षेत्र के पिछड़ा होने के कारण अलग उत्तराखंड राज्य का गठन हुआ था। राज्य का गठन हुए 25 साल होने जा रहे हैं। पर्वतीय क्षेत्र और ज्यादा पिछड़ा होते-होते वीरान होता जा रहा है। पर्वतीय क्षेत्र का विकास नहीं होने से पलायन बढ़ा है। राज्य बनने के बाद सिर्फ और सिर्फ सभी पार्टियों से जुड़े लोगों, अफसरों और कर्मचारियों का विकास हुआ है। लकड़ी, शराब और खनन माफिया का विकास हो रहा है। राजधानी देहरादून, हल्द्वानी जैसे महानगर और तराई क्षेत्र में विकास नजर आ रहा है। विकसित क्षेत्र में भ्रष्टाचार चरम पर है। बिना रिश्वत के आम आदमी का काम असंभव नहीं तो कठिन जरूर है। वह दिन दूर नहीं है, जब चुनाव में नेता वोट मांगने जायेंगे तो उनसे लोग जवाब तलब करेंगे कि जब अफसरों से वह काम नहीं करा सकते तो उन्हें वोट क्यों दें? लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव मजाक नहीं है।

# प्रथम चरण के पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता




नैनीताल जिले में वीरवार को प्रथम चरण के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो गए। पहले चरण में जिले के रामगढ़, धारी,बेतालघाट व ओखलकांडा विकास खंड में मतदान हुआ। इन चार विकासखंडों में कुल 1 लाख 39 हजार 629 मतदाताओं में से 98 हजार 348 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार जिले में कुल चार विकासखंडों में 70.43522 फीसदी मतदान हुआ।

घंटेवार मतदान के प्रतिशत पर अगर नजर डाली जाए तो सुबह 8 बजे से लेकर 10 बजे तक (दो घंटे) में नैनीताल जिले के रामगढ़ विकास खंड में कुल 31 हजार 889 मतदाताओं में से 2 हजार 854 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे। इस प्रकार रामगढ़ विकास खंड में दो घंटों में 8.95 फीसदी मतदान हुआ। इसी तरह से धारी विकास खंड में कुल 27 हजार 132 मतदाताओं में से 4 हजार 143 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया,इस प्रकार दो घंटे में इस विकासखंड में सर्वाधिक 15.27 फीसदी मतदान हुआ। बेतालघाट विकास खंड में कुल 39 हजार 687 मतदाताओं में से 4 हजार 334 मतदाताओं ने मत दिया,इस प्रकार दो घंटे में यहां 10.92 फीसदी मतदान हो पाया जबकि ओखलकांडा विकास खंड के 40 हजार 925 मतदाताओं में 4 हजार 728 मतदाताओं ने वोट दिया,इस प्रकार यहां दो घंटे में 11.55 फीसदी मतदान हुआ।

इसी तरह सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक रामगढ़ विकासखंड में 31 हजार 885 मतदाताओं में से 8 हजार 121 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया,इस प्रकार दो घंटे में 25.47 फीसदी मतदान हुआ, धारी विकास खंड में 27 हजार 132 मतदाताओं में से 9 हजार 254 मतदाताओं ने मतदान किया,यह 34.11 फीसदी रहा। बेतालघाट विकास खंड में 39 हजार 687 मतदाताओं में से 13 हजार 514 मतदाताओं ने मतदान किया, यह 34.05 फीसदी रहा जबकि ओखलकांडा में 40 हजार 925 मतदाताओं में से 12 हजार 924 मतदाताओं ने मतदान किया यह 31.34 फीसदी रहा।


इसी तरह से दोपहर 12 बजे से लेकर अपराह्न 2 बजे तक रामगढ़ विकास खंड में 31 हजार 885 मतदाताओं में से 13 हजार 834 ने मत दिया,दो घंटे में 43.39 फीसदी मतदान हुआ। धारी विकास खंड में 27 हजार 132 मतदाताओं में से 13 हजार 897 मतदाताओं ने मत दिया,यह 51.22 फीसदी रहा। बेतालघाट विकास खंड में 31 हजार 687 मतदाताओं में से 20 हजार 315 मतदाताओं ने मत दिया यहां कुल 51.19 फीसदी मतदान हुआ जबकि ओखलकांडा में 40 हजार 925 मतदाताओं में से 19 हजार 690 मतदाताओं ने मत दिया,यहां दो घंटे में 48.11 फीसदी मतदान हुआ।

इसी तरह से अपराह्न 2 बजे से लेकर शाम को 4 बजे तक रामगढ़ विकास खंड में 31 हजार 885 मतदाताओं में से 16 हजार 579 मतदाताओं ने मत दिया,इस प्रकार यहां 52 फीसदी मतदान हुआ जबकि धारी में 27 हजार 132 मतदाताओं में से 18 हजार 136 मतदाताओं ने मत दिया,यह 66.84 फीसदी रहा। बेतालघाट विकास खंड में कुल 39 हजार 687 मतदाताओं में से 23 हजार 781 मतदाताओं ने मत दिया,यह 59.92 फीसदी रहा जबकि ओखलकांडा में कुल 40 हजार 925 मतदाताओं में से 24 हजार 407 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया,यहां दो घंटे में 59.64 फीसदी मतदान हुआ।

जबकि अंतिम घंटे यानी शाम को 4 बजे से लेकर मतदान खत्म होने तक रामगढ़ में 31 हजार 885 मतदाताओं में से 23 हजार 249 ने (72.91 फीसदी), धारी में 27 हजार 132 में से 20 हजार 597 (75.91 फीसदी), बेतालघाट में 39 हजार 687 में से 25 हजार 270 (63.67 फीसदी) तथा ओखलकांडा में 40 हजार 925 में से 29 हजार 232 (71.42 फीसदी)मतदाताओं में मत दिया।

## भूरारानी में युवक घर में फंदे पर लटका मिला,परिवार में कोहराम

**रुद्रपुर।** कोतवाली क्षेत्र में अज्ञात कारणों के चलते बिहार निवासी युवक ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। इसका पता चलते ही पुलिस पहुंची और जानकारी ली। मूलरूप से नया टोला धान की जिला मुजफ्फरपुर बिहार निवासी 23 वर्षीय सोनू कुमार पुत्र चुन्नी लाल भूरारानी में किराए के कमरे में रहता था। वह यहां मजदूरी करता था। गुरुवार शाम को उसने अज्ञात कारणों के चलते अपने कमरे में पंखे से चुन्नी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। रात साढे आठ बजे के आसपास पड़ोस में रहने वाले की नजर उसके कमरे में गई तो वह लटका मिला। इस पर आसपास के लोग भी एकत्र हो गए और सूचना पुलिस को दी। सूचना पर एसएसआई नवीन बुधानी, चौकी प्रभारी आदर्श कालोनी एसआई होशियार सिंह पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे और जानकारी ली। बाद में पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। फिलहाल युवक के आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है।




# फिल्मी दुनिया

## काजोल की अदाकारी ने जीता फैंस दिल



*बॉलीवुड की बेहतरीन अभिनेत्री काजोल, साउथ के अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन और इब्राहिम अली खान की अदाकारी वाली फिल्म सरजमीन 25 जुलाई को रिलीज हो गई है। फिल्म कश्मीर की पृष्ठभूमि पर आधारित है। एक्शन थ्रिलर फिल्म में देशभक्ति भी दिखाई गई है। फिल्म को देखने के बाद कई दर्शक इस पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।*

*सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक यूजर ने लिखा सरजमीन ने मुझे रुला दिया। फिल्म ने जो संदेश दिया है इसके लिए उसकी तारीफ की जानी चाहिए। काजोल का अंत का खास दृश्य सिनेमा हॉल की सीटियों और जयकारों का हकदार है। इस किरदार को निभाने के लिए शुक्रिया। आपने एक बार फिर साबित कर दिया कि भावनाओं और गुस्से से भरी भूमिका में आप कमाल कर देती हैं। एक और दर्शक ने फिल्म में काजोल की तारीफ की है। उन्होंने एक्स पर लिखा है %काजोल! हे भगवान! फिल्म सरजमीन को देखना बहुत अच्छा अनुभव था! आपके क्लासिक इमोशनल बहुत अच्छे हैं। आखिर में आपकी अदाकारी बहुत अच्छी है। उफ! फिल्म और आपकी तारीफ करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं, प्रणाम।*

### दर्शक को फिल्म औसत लगी

*एक और एक्स यूजर ने फिल्म को औसत बताया है। उन्होंने लिखा है सरजमीन का आधार बहुत अच्छा है। हालांकि वह उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। फिल्म की पटकथा कमजोर है। इसके निर्देशन ने निराश किया है। पृथ्वीराज, काजोल और बाकी कलाकारों ने अच्छा अभिनय किया है लेकिन कोई खास भावनात्मक जुड़ाव नहीं दिखा। कुल मिलाकर, यह एक औसत दर्जे की फिल्म है।*

# देवखड़ी नाले के किनारे बसे लोगों ने ली राहत की सांस

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

अतिक्रमण के मामले में कई लोगों ने राहत की सांस ली है। बतादे की कई दिन पहले प्रशासन की टीम ने आवास विकास सहित कई इलाकों में रहने वाले लोगों नोटिस के साथ साथ उनके मकानों पर लाल निशान लगा दिए थे तब से ही सभी की नींद हरम थी।

गुरुवार को प्रशासन की टीम ने देवखड़ी नाले के किनारे निवास कर रहे आवास विकास कॉलोनी के लोगों को प्रशासन द्वारा दिए गए नोटिसों के विरोध में उठी आपत्तियों पर तहसील में सुनवाई की गई। इस दौरान कई लोगों ने अपने आवंटन से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत किए,



जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि जिन जमीनों पर उनका आवास है, वे आवास विकास परिषद द्वारा वैध रूप से आवंटित की गई हैं और नाले की जमीन में नहीं आतीं। सुनवाई के बाद प्रशासन ने 14 नोटिस निरस्त कर दिए हैं, जबकि शेष मामलों पर दस्तावेजों के सत्यापन और चौहदी मिलान की प्रक्रिया जारी है। इस मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान, एसडीएम राहुल शाह, नगर आयुक्त ऋचा सिंह, तहसीलदार लालकुआं कुलदीप पांडेय, मेयर गजराज बिष्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट एवं बड़ी संख्या में प्रभावित लोग मौजूद रहे। मेयर गजराज बिष्ट ने कहा कि, मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन को सभी पहलुओं पर विचार करना चाहिए। किसी को अनावश्यक रूप से नोटिस देकर या मकान पर लाल निशान लगाकर परेशान न किया जाए। जब तक दस्तावेजों की पूरी तरह पुष्टि नहीं हो जाती, तब तक किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई न हो।उन्होंने यह भी कहा कि जनता को डरने की जरूरत नहीं है, और नगर निगम उनके साथ है। प्रशासन व नगर निगम पीड़ितों को आश्वासन दिया है कि जिनके पास वैध अलॉटमेंट के दस्तावेज हैं, उन्हें राहत दी जाएगी और सुनवाई पूरी होने के बाद उचित निर्णय लिया जाएगा। फिलहाल जिन 14 लोगों के दस्तावेज सही पाए गए हैं, उनके खिलाफ जारी किए गए नोटिस को रद्द कर दिया गया है, और अन्य की आपत्तियों पर शीघ्र निर्णय लिया जाएगा। मामला नाले की जमीन पर अतिक्रमण के आरोपों के आधार पर प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई से जुड़ा है, लेकिन अब दस्तावेजों के सत्यापन के बाद यह स्पष्ट होता जा रहा है कि कई लोगों की जमीन नाले की जमीन में शामिल नहीं है।

News कॉर्नर

## दो पहिया वाहन पार्क होने से राहगीरों को आफत

**नैनीताल।** शहर में एक ओर संपर्क मार्गों में दोपहिया वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित करने के दावे किये जा रहे हैए वहीं दूसरी ओर बाजारों के रास्ते पार्किंग बने हुए है। मल्लीताल न्यू पालिका बाजार का भी इन दिनों कुछ ऐसा ही हाल है। रास्ते के दोनों ओर दो पहिया वाहन पार्क होने से राहगीरों की आवाजाही दूभर हो रही है। कार्यदायी संस्था ने सुरक्षा दीवार बनाकर सडक् की रोकथाम तो कर दीए मगर बाजार की ओर जाने वाले रास्ते में सीढिया़ बनाना भूल गया। अब सीढिया़ नहीं होने से दुकानदारों समेत तमाम ग्राहक रास्ते के दोनों ओर दोपहिया वाहन पार्क कर रहे है। जिससे लोगों की आवाजाही में बाधा होने से समस्या बनी हुई है।

## आदर्श कालोनी में श्री शिव महापुराण कथा का समापन, भंडारे का भी आयोजन

**रुद्रपुर।** श्री शिव महापुराण कथा के समापन के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। श्री अनंत आश्रम आदर्श कॉलोनी में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया था। आयोजकों की ओर से कथा प्रारंभ से पहले शहर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई थी ।उसके पश्चात एक सप्ताह से अधिक श्री अनंत आश्रम में वृंदावन से पधारे भागवत पीठाधीश्वर आचार्य देशमुख वशिष्ठ जी महाराज के मुखारविंद से श्री शिव महापुराण कथा की गई थी। आचार्य जी ने भगवान शिव से जुड़े प्रत्येक प्रसंग को सुनाया। कथा व्यास जी ने ज्योतिर्लिंगों की इस मौके पर समाज सेवी भारत भूषण चुघ भी कथा स्थल पर पहुंचे। जहां उन्होंने संत महात्माओं से आशीर्वाद लिया उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी सौहार्द बढ़ता है और मनुष्य प्रभु की आस्था में लीन होता है तथा सदेव सतमार्ग का साथ देता है। अंतिम दिन हवन में तमाम लोगों ने आहुति दी और भंडारे में सैकड़ो लोगों ने अपनी सहभागिता की।

# खेलों के प्रति बदल रही समाज की सोच : रेखा आर्या

रुद्रपुर/जसपुर

हमारे संवाददाता

खेल मंत्री रेखा आर्या ने गुरुवार को जसपुर स्थित ब्राइट स्टार्ट इंटरनेशनल एकेडमी में सीबीएसई नॉर्थ जोन क्रिकेट कंपटीशन का शुभारंभ किया।

इस प्रतियोगिता में 2000 से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इस मौके पर खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि बीते एक दशक में खेल और खिलाड़ियों के प्रति समाज की सोच में बड़ा बदलाव आया है। पहले खेल को कैरियर के रूप में नहीं देखा जाता था। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि अब युवा खेल में प्रतिभा दिखाकर अपने भविष्य को संवार रहे हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को बढ़ावा देने में प्रदेश सरकार हमेशा आगे रही है और राज्य के लिए पदक जीतने पर हम सीधे सरकारी नौकरी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले जनता की



**शुभारंभ**

● सीबीएसई नॉर्थ जोन क्रिकेट कंपटीशन का शुभारंभ किया

तरफ से सड़क, बिजली, पानी, अस्पताल और स्कूल की मांग होती थी, लेकिन समाज की सोच बदलने के बाद अब हर जगह से स्टेडियम और खेल मैदान बनाए जाने की मांग उठने लगी है। इस अवसर पर काशीपुर भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज पाल,पूर्व विधायक डॉ शैलेंद्र मोहन सिंघल, काशीपुर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, सुनील कंबोज, सुमित कंबोज, मधु शर्मा, पुष्कर काला, राजकुमार चौहान आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस प्रत्याशी निशांत के समर्थन में मेहरा गांव पहुंचे विधायक सुमित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

24 मेहरा गांव क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य कांग्रेस प्रत्याशी निशांत कुमार उर्फ सिंकू के समर्थन में वीरवार को हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश भी पहुंचे।

बता दें कि डोब लवेशाल में जिला पंचायत सदस्य जिशांत कुमार के प्रचार में हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने डोब, मेहरा गांव,नगारीगांव तथा तिरछाखेत भवाली एवं भूमिधार में धुआंधार रोड शो कर जनता से आने वाले 28 तारीख को गांव के विकास के लिए बुजुर्ग लोगों के स्वास्थ्य के लिए तथा जिला पंचायत सदस्य हेतु निशांत कुमार सिंकु के चुनाव चिन्ह प्लेट पर एमोहर लगाकर भारी मतों से विजय बनाने की अपील की। इस दौरान नगर पालिकाध्यक्ष पंकज कुमार, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री खष्टी बिष्ट, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुजान रजवार, एडवोकेट प्रशांत जोशी तथा पंकज बिष्ट, हेमा आर्य व जीवन सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।



# महिला छेड़छाड़ करने के जुर्म में दो साल का कठोर कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदण्ड

नैनीताल

हमारे संवाददाता

अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नैनीताल नेहा कुशवाहा की अदालत ने ओखलकांडा ब्लॉक स्थित एक इंटर कॉलेज के रसायन प्रवक्ता को अपनी सहकर्मी महिला के साथ बलपूर्वक छेड़छाड़ करने के जुर्म में दो साल के कठोर कारावास व 10 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है ।

अभियोजन पक्ष के अनुसार 20 मार्च 2020 को ओखलकांडा के एक इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा की ड्यूटी के बाद रसायन विभाग के प्रवक्ता रिजवान अहमद अपनी बाइक से हल्द्वानी जा रहे थे । रिजवान के विद्यालय की ही एक महिला प्रवक्ता जो परीक्षा ड्यूटी के बाद अपने घर हल्द्वानी जाती थी,ने रिजवान से सहकर्मी होने के नाते लिफ्ट मांगी । लेकिन रास्ते मे रिजवान ने अपनी सहकर्मी महिला के साथ अश्लील व्यवहार किया और जबरदस्ती की । जिससे डरी महिला किसी अन्य माध्यम से हल्द्वानी पहुंची । घटना के समय कोरोना काल शुरू होने के कारण उनकी प्राथमिकी 6 जून 2020 में मुक्तेश्वर थाने में दर्ज हुई । इस मामले में आरोपी शिक्षक ने स्वयं को निर्दोष बताया तथा महिला पर भी आरोप लगाए । किन्तु कोर्ट ने शिक्षक द्वारा किये गए इस कृत्य को अपराध की श्रेणी में माना । कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि अभियुक्त का आचारण एक शिक्षक होने के नाते समाज के प्रति जिम्मेदार होना चाहिए था, परन्तु अभियुक्त का आचरण समाज के विरूद्ध अत्यन्त गैर जिम्मेदाराना पाया गया है। यह न्यायालय इस तथ्य को नजर अंदाज नहीं कर सकता की अभियुक्त के अधीन बालिकायें बतौर छात्रायें भी पढ़ती होंगी। यह न्यायालय इस तथ्य को भी नजर अंदाज नहीं कर सकता है कि घटना मार्च, 2020 को घटित हुई थी, परन्तु उसकी दहशत पीडिता पर इस प्रकार छायी है कि वह अपनी गर्भावस्था में भी इस न्यायालय के समक्ष आरोपों के समर्थन में बयान देने आयी।

कोर्ट ने दोषसिद्ध रिजवान अहमद को धारा-354 ए(1) (i) भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के आरोप में दो वर्ष के कठोर कारावास एवं मु. 10,000/-रू. (दस हजार रूपये) के अर्थदण्ड से दण्डित किया जाता है। जबकि आरोपी को आई पी सी, की धारा 323 के अपराध से दोषमुक्त किया है । अर्थदण्ड अदा न करने पर दोषसिद्ध को एक माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। दोषसिद्ध द्वारा प्रस्तुत मामले में जेल में बिताई गई अवधि दण्डादेश की अवधि में समायोजित की जायेगी।

## श्री देव सुमन की शहादत को किया गया याद

**हल्द्वानी।** रा बा इ का चोरगालिया में श्री देव सुमन की शहादत दिवस पर भाव पूर्ण कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम का संचालन करते हुए शिक्षिका ममता सुयाल ने श्री देव सुमन के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए उनके कार्यो को इंगित किया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं खुशबु सिंगवाल, मोनिका सम्भल , काव्या ने कविताओं और भाषणो के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किये ।

# मृदुला नारी शक्ति क्लब ने धूमधाम से मनाया तीज

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

मृदुला नारी शक्ति क्लब का तीज उत्सव बहुत धूमधाम से मनाया गया। जिसमें फन गेम्स और सांस्कृतिक प्रोग्राम आयोजित किए गए ।सभी मेंबर्स ने तीज थीम पर अपने डांस की प्रस्तुतियां दी, सभी सदस्यों में तीज उत्सव को लेकर उत्साह रहा। अर्चना मित्तल तीज क्वीन चुनी गई। क्लब की अध्यक्ष नीतू अग्रवाल ने सभी को तीज की बधाई दी और तीज उत्सव का महत्व बताया। क्लब की महामंत्री दीपिका अग्रवाल ने सभी का आभार जताया,मंच का संचालन एकता अग्रवाल और



निधि अग्रवाल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मीनू अग्रवाल,, अनु गोयल, प्राची अग्रवाल, अंजलि अग्रवाल, निकिता अग्रवाल, निकिता जैन, गुंजन सिंघल, पारुल अग्रवाल, पूजा सिंघल, प्रियंका अग्रवाल, निमिष अग्रवाल, पारूल गर्ग,गरिमा अग्रवाल, नेहा गर्ग, रचना अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# कार्रवाईः शारदा होटल में अवैध निर्माण में अफसरों पर मिलीभगत का आरोप

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

नैनीताल रोड स्थित शारदा होटल में अतिक्रमण और अवैध निर्माण को लेकर लापरवाह अफसरों पर आखिरकार कार्रवाई हो गई है। शारदा मार्केट में 77 अवैध दुकानों के निर्माण के मामले में जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के सहायक अभियंता (एई) अभिषेक कुमार और कनिष्ठ अभियंता (जेई) आशुतोष को नैनीताल कार्यालय से अटैच कर दिया गया है। अधिकारियों की निष्क्रियता और लापरवाही को लेकर यह बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई मानी जा रही है।

शारदा होटल के पास ओके होटल के सामने, नैनीताल रोड चौड़ीकरण के तहत हटाए गए हिस्से का लाभ उठाकर होटल स्वामी द्वारा तीन मंजिलों में 77



दुकानों का अवैध निर्माण शुरू कर दिया गया। निर्माण इतना बड़ा था कि एक मंजिल से दूसरी मंजिल तक पहुंचने के लिए अंदर सीढ़ियों तक का निर्माण कर दिया गया। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि यह सब व्यस्त बाज़ार के बीचोंबीच हुआ और जिम्मेदार अफसर आंखें मूंदे रहे। स्थानीय पार्षद रवि जोशी ने मामले को उजागर किया, जिसके बाद संबंधित अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर चालान की औपचारिकता पूरी की। बावजूद इसके, निर्माण कार्य जारी रहा। अंततः भारी दबाव के बाद प्रशासन ने अवैध निर्माण पर बुलडोज़र चलवाया। इतने बड़े स्तर पर अवैध निर्माण होने के बावजूद नगर निगम, विकास प्राधिकरण और प्रशासन को इसकी भनक तक न लगना, गंभीर लापरवाही का संकेत है। इस मामले ने प्रशासन की निगरानी व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। जिला विकास प्राधिकरण के सचिव विजय नाथ शुक्ला ने पुष्टि की कि एई अभिषेक कुमार और जेई आशुतोष को नैनीताल कार्यालय अटैच किया गया है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई प्राथमिक स्तर पर की गई है, और आगे और भी सख्त कदम उठाए जा सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि निर्माण कार्य में मिलीभगत या जानबूझकर अनदेखी करने वाले अन्य अधिकारियों की भूमिका की भी जांच हो रही है। जल्द ही और नाम सामने आ सकते हैं। इस मामले में अन्य अधिकारी नप सकते है।